## सतना-रीवा-जबलपुर एक्सप्रेस के कोच से उठा धुआं, उचेहरा स्टेशन के पास यात्रियों में मची अफरा-तफरी

सतना।

रीवा-जबलपुर रेलखंड पर एक बार फिर चलती ट्रेन में धुएं के गुबार उठने से यात्रियों की सांसें अटक गईं। सतना-रीवा-जबलपुर एक्सप्रेस जब सतना जिले के उचेहरा रेलवे स्टेशन के पास पहुंची, तब एक कोच के नीचे से अचानक भारी मात्रा में धुआं निकलने लगा। इसे देख यात्रियों में हड़कंप मच गया और कोच के भीतर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि,रेलवे कर्मचारियों की मुस्तैदी से समय रहते स्थिति पर काबू पा लिया गया।




कोच के नीचे दिखा धुएं का गुबार

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,ट्रेन जैसे ही उचेहरा स्टेशन के करीब थी, यात्रियों ने खिड़कियों से नीचे धुआं निकलते देखा। देखते ही देखते धुआं कोच के भीतर भी महसूस होने लगा,जिससे घबराए यात्री अपना सामान लेकर दरवाजों की ओर भागने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही लोको पायलट और गार्ड ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तुरंत स्टेशन पर रोक दिया।

### ब्रेक बाइंडिंग की आशंका

सूचना मिलते ही रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्राथमिक जांच में धुएं का कारण 'ब्रेक बाइंडिंग' (ब्रेक सिस्टम का अत्यधिक गर्म होना) या कोई अन्य तकनीकी खराबी बताई जा रही है। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की पूरी जांच के बाद ही ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस घटना में किसी भी यात्री के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।

### दोबारा हुई ऐसी घटना,बढ़ी यात्रियों की चिंता

गौरतलब है कि इसी रेलखंड पर कुछ समय पहले भी ऐसी ही घटना सामने आई थी। नवंबर 2025 में रीवा-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (22190) के C-1 कोच में झुकेही स्टेशन के पास धुआं उठा था, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई थी। बार-बार हो रही इन घटनाओं से रेल यात्रा की सुरक्षा को लेकर यात्रियों में चिंता बढ़ रही है।

### रेलवे की यात्रियों को सलाह

रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान धुआं या आग जैसी स्थिति दिखने पर घबराएं नहीं। ऐसी स्थिति में तत्काल रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें। रेल स्टाफ के निर्देशों का पालन करें। अत्यंत आपातकालीन स्थिति में ही 'अलार्म चेन' का उपयोग करें। कोच के भीतर भगदड़ न मचाएं, शांति बनाए रखें।

## बढ़ी हुई गाइड लाइन दरों के विरोध में विंध्य चेंबर ने जिला रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

सतना।

शहर में हाल ही में बढ़ाई गई संपत्ति की गाइडलाइन दरों को लेकर व्यापारियों और आम जनता में गहरा असंतोष है। इस समस्या को लेकर विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में जिला रजिस्ट्रार कीर्ति सिंह बघेल से मिला और सुधार की मांग की। चेंबर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि गाइडलाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि से आम नागरिकों और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने रजिस्ट्रार को अवगत कराया कि सतना में गाइडलाइन दरें आसपास के जिलों और मध्यप्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में भी काफी अधिक हैं। अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने मांग की कि दरों का निर्धारण स्थानीय परिस्थितियों और बाजार की वास्तविक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। जिला रजिस्ट्रार कीर्ति सिंह बघेल ने चेंबर की मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन सुझावों को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,मंत्री हरिओम गुप्ता, फेरुमल तोलवानी (अध्यक्ष,क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन), पवन दुदानी, प्रभात जैन, चक्रेश जैन और जय कुमार ठक्कर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 14 को

**मैहर।** नगर पालिका परिषद मैहर में आगामी 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान 24 वार्डों के रहवासियों के संपत्तिकर सहित अन्य लंबित प्रशासनिक मामलों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने पुराने विवादों और टैक्स संबंधी समस्याओं को सुलझाएं।

### चेट्रीचंड महोत्सव पर रहेगी विशेष व्यवस्थाएं

**कटनी।** भगवान झूलेलाल वरुण देवता के जन्मोत्सव पर 13 मार्च से 20 मार्च तक तथा चेट्रीचंड कार्यक्रम 20 मार्च के अवसर पर नगर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली साफ-सफाई, पेयजल प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था हेतु निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस संबंध में कार्यवाहक अध्यक्ष झूलेलाल सेवा मंडल कटनी तथा सचिव सिन्धू नौजवान मण्डल गुरूनानक वार्ड के पत्र अनुसार विभिन्न तिथियों में आयोजित होने वाली शोभायात्रा मार्ग, कार्यक्रम स्थल तथा विसर्जन घाट में विशेष साफ सफाई, चूने की लाइनिंग तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करानें हेतु स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान आवश्यकतानुसार टैंकरों से शुद्ध पानी की व्यवस्था हेतु जल प्रदाय शाखा के साथ ही मुख्य मार्ग, कार्यक्रम स्थल, शोभायात्रा मार्ग एवं विसर्जन घाटों में समुचित प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत शाखा को निर्देशित किया गया है।

### नवरात्र पर्व की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**सिलौंडी।** मां विरासिनी देवी मंदिर में नवरात्रि की तैयारियां जोरों से तहसीलदार नायब तहसीलदार ने ली बैठक । मां वीरासन देवी मंदिर समिति के आय व्यय पर चर्चा हुई ।नवरात्र के दौरान मां वीरासन में लाइट,पानी ,यातायात व्यवस्था संबधित आवश्यक दिशा निर्देश नायब तहसीलदार ने दिया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, चौकी प्रभारी अनिल पांडे,मुख्य पुजारी सौरभ दुबे,सचिव रामचंद्र ,पटवारी ,अमरेश राय ,संतोष विश्वकर्मा सहित रहे ।

### एकमुश्त मिलेगा मार्च व अप्रैल माह का राशन

**कटनी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार माह मार्च और अप्रैल की राशन सामग्री का वितरण एकमुश्त किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि राशन का वितरण 10 मार्च से शुरू होकर 15 अप्रैल तक चलेगा।

## 7 महीने से राशन को तरस रहे ग्रामीणः एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, भूख हड़ताल की धमकी

**मैहर।** जनपद के ग्राम पंचायत चौपड़ा के अंतर्गत बम्हनी और कोठी गांव के निवासियों ने राशन न मिलने के कारण प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले सात महीनों से उन्हें सरकारी राशन नहीं दिया गया है, जिससे गरीब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

आदिवासी समाजसेवी एडवोकेट कमल सिंह मरकाम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एसडीएम दिव्य पटेल को ज्ञापन सौंपा। मरकाम ने कोटा प्रबंधक पर लापरवाही और अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि 7 दिनों के भीतर राशन वितरण शुरू नहीं हुआ,तो ग्रामीण एसडीएम कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। एसडीएम ने मामले की जांच कराकर जल्द सुधार का आश्वासन दिया है।

### विंध्य चेंबर आज आयोजित करेगा पद्म डॉ.वी.के.जैन की श्रद्धांजलि सभा

**सतना।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक,ट्रस्टी एवं प्रख्यात समाजसेवी पद्म डॉ.वी.के.जैन के निधन पर विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। चेंबर अध्यक्ष सतीश सुखेजा और महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि इस सभा में शहर के गणमान्य नागरिक,व्यापारी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित होकर डॉ.जैन के सामाजिक,औद्योगिक और जनसेवा के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करेंगे।चेंबर के पदाधिकारी मनोहर वाधवानी, दीपक अग्रवाल,हरिओम गुप्ता,कमल कुमार पुरस्वानी और अमित अग्रवाल ने समस्त व्यापारियों और शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के साथ बर्बरता, लूट का प्रयास और मारपीट से सनसनी

**सतना।** धर्म नगरी चित्रकूट के पवित्र कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।विगत रात अराजक तत्वों ने परिक्रमा कर रहे एक परिवार पर जानलेवा हमला कर लूटपाट का प्रयास किया। इस हमले में महिलाओं,बच्चों और एक दिव्यांग श्रद्धालु तक को नहीं बख्शा गया,जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

### लोहे की रॉड और बेल्ट से किया हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांदा जिले के जमुनीपुरवा गांव से आया एक परिवार रात लगभग 1:45 से 2:00 बजे के बीच कामदगिरि की परिक्रमा कर रहा था।जैसे ही परिवार उत्तर प्रदेश क्षेत्र के लक्ष्मण पहाड़ी के पास पहुंचा,कुछ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने महिलाओं के कान के जेवर छीनने की कोशिश की,जिससे एक महिला के कान में गंभीर चोट आई। विरोध करने पर हमलावरों ने लोहे की रॉड, डंडों और बेल्ट से पूरे परिवार को बेरहमी से पीटा।

### दिव्यांग श्रद्धालु को भी पीटा,दो गंभीर घायल

इस खौफनाक मंजर में बदमाशों ने परिवार के साथ मौजूद एक दिव्यांग श्रद्धालु को भी निशाना बनाया। हमले में एक महिला और एक युवक की आंखों के पास गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर आस पास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिवार को बदमाशों के चंगुल से बचाया।

### सीसीटीवी की तलाश

सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की सुरक्षा में ही परिवार की परिक्रमा पूरी कराई गई और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

### प्रशासनिक सुरक्षा पर सवाल

इस घटना ने चित्रकूट जैसे प्रमुख तीर्थ स्थल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि पवित्र परिक्रमा मार्ग पर भी यात्री सुरक्षित नहीं हैं,तो प्रशासन के सुरक्षा दावों का क्या अर्थ है? तीर्थयात्रियों ने मांग की है कि परिक्रमा मार्ग पर रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## रामवन पथ गमन ब्रिज के पास मिला अज्ञात वृद्ध का शव, क्षेत्र में सनसनी

**मैहर।** मैहर के रीवा रोड स्थित रामवन पथ गमन ब्रिज के पास एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

### घटना का विवरण

जानकारी के अनुसार,शनिवार को कुछ राहगीरों ने रामपथ गमन ब्रिज के पास एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। इसकी सूचना तत्काल मैहर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सिविल अस्पताल) मैहर भिजवाया। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार मृतक के संभावित आयु 60 से 65 वर्ष के बीच। कद लगभग 5 फीट 4 इंच है। शारीरिक बनावट इकहरा शरीर और गोरा रंग, पहनावा सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा पहना हुआ है। मैहर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पहचान के लिए सिविल अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में मृतक की पहचान जुटाने का प्रयास कर रही है। मैहर पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी के पास इस अज्ञात व्यक्ति के संबंध में कोई जानकारी या सुराग हो,तो वे तुरंत कोतवाली मैहर में संपर्क करें,ताकि मृतक के परिजनों को सूचित किया जा सके।







## मैहर में मां कर्मा देवी की भव्य शोभायात्राः समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

मैहर।

मां कर्मा देवी जयंती के पावन अवसर पर मैहर में साहू समाज द्वारा एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में निकाली गई यह यात्रा नई सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों-रंगलाल चौराहा, शारदा टॉकीज,घंटाघर,अलाउद्दीन चौराहा और बड़ा अखाड़ा से होते हुए वार्ड क्रमांक 1 स्थित साहू समाज धर्मशाला पहुंची।

### प्रमुख गतिविधियांः

मार्गदर्शनः कार्यक्रम में समाज के संरक्षक लखनलाल साहू का विशेष मार्गदर्शन रहा। घंटाघर पर समाज के बंधुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। प्रतिभा सम्मानः दोपहर 2:30 बजे धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 की 10वीं और 12वीं परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं प्रदेश अध्यक्ष हरीशंकर साहू उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी ने की।

## ग्राम पंचायत भदनपुर उत्तर पट्टी में शराब दुकान को पंचायत भवन के बगल में खोलने का ग्रामीणों एवं सरपंच ने किया विरोध

मैहर।

**जिले के ग्राम पंचायत भदनपुर उत्तर पट्टी में शराब दुकान के स्थान परिवर्तन को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है। सरपंच राहुल गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीण इस फैसले के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का विरोध मुख्य रूप से भाटिया शराब कंपनी की यह दुकान पंचायत भवन और स्वास्थ्य केंद्र के अत्यंत निकट संचालित की जा रही है।**




ग्रामीणों का तर्क है कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाली महिलाओं,बच्चों और बुजुर्गों को शराबियों के जमावड़े और अभद्र व्यवहार के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पंचायत भवन के पास ऐसी गतिविधियों से शासकीय कार्य और गरिमा भी प्रभावित होती है। सरपंच राहुल गुप्ता और ग्रामवासियों ने मैहर कलेक्टर और एसडीएम को लिखित ज्ञापन सौंपकर अपनी माँगें स्पष्ट कर दी हैं: प्रशासन को शराबदुकान को वहां से हटाने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। यदि समय सीमा के भीतर कार्यवाही नहीं होती है,तो ग्रामीणों ने चक्काजाम और तालाबंदी जैसे कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी है। इस मोर्चे में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने एक सुर में दुकान का विरोध किया है। इस तरह के मामलों में अक्सर आबकारी नियमों का हवाला दिया जाता है,जिसके तहत धार्मिक स्थलों,स्कूलों और अस्पतालों से एक निश्चित दूरी (आमतौर पर 50-100 मीटर) अनिवार्य होती है। चूंकि यहाँ मामला सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग और पंचायत जैसे सार्वजनिक सेवा केंद्रों से जुड़ा है,इसलिए ग्रामीणों का पक्ष काफी मजबूत दिखाई देता है।

### वर्षा की हर बूंद बचाने पेड़ लगाएंः पद्मश्री दाहिया

## क्षमतावर्धन को लेकर अटरा में प्रस्फुटन समितियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सतना।** कभी रोटी कपड़ा और मकान हमारी जरूरत थी पर आज इन तीनों से अधिक जरूरी पानी और हवा की है। यदि आप चाहते हैं कि हमारी आने वाली पीढ़ी को जल संकट से न जूझना पड़े और उन्हें साफ हवा मिले तो इसके लिये आपको ही आगे आना होगा। विश्वास करें कि यदि आप पेड़ लगाते हैं तो इन दोनों समस्याओं का निराकरण हो जाएगा। यह बात जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण के लिये लंबे समय से संघर्ष कर रहे पद्मश्री बाबूलाल दाहिया ने उचेहरा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन अटरा में आयोजित प्रस्फुटन समितियों के एक दिनी क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

### बताए गये अधिकार और कर्तव्य

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश पर नवांकुर संस्था सर्जना सामाजिक,संस्कृतिक एवं साहित्यिक मंच पिथौराबाद द्वारा यह कार्यक्रम सेक्टर 2 के आदर्श ग्राम अटरा में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में पांचों प्रस्फुटन समितियों अमदरी,लालपुर,पथरौधा,अटरा और पिथौराबाद के पदाधिकारी,नवांकुर सखियां तथा गांव के जागरूक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेंटर सतवंत सिंह,हनुमान सिसोदिया, ओमप्रकाश त्रिपाठी तथा नवांकुर संस्था अध्यक्ष सुरेश दाहिया ने प्रतिभागियों को मप्र जन अभियान परिषद,नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समितियों के गठन के उद्येश्य,उनके काम और समाज से प्रभावी तरीके से जुड़कर गांव समाज के विकास को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्हें कार्यक्रम आयोजन तथा आय-व्यय के दस्तावेजी करण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का समापन पद्मश्री बाबूलाल दाहिया द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेंटर ओम प्रकाश त्रिपाठी व आभार प्रदर्शन नवांकुर संस्था कोषाध्यक्ष बलीराम सिंह ने किया।

## स्वास्थ्य शिविर में 302 मरीजों को मिला लाभ, निःशुल्क चश्मा वितरण



**मैहर।** क्षेत्र के ग्राम अजवाइन (पुरानी पंचायत) में आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ने जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। सदगुरु सेवा ट्रस्ट संघ के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर का संयोजन डॉ.रश्मि सिंह एवं डॉ.अरुणेन्द्र सिंह द्वारा किया गया,जिसमें नेत्र,दंत और चर्म रोग से पीड़ित लोगों को निःशुल्क जांच,परामर्श और उपचार की सुविधा प्रदान की गई।शिविर में कुल 302 मरीजों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया,जबकि 47 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया,जिनका मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क किया जाएगा। और 80 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएँ,बुजुर्ग और श्रमिक वर्ग के लोग शिविर में पहुंचे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.दीपक चौबे ने आँखों की जांच कर मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगों से संबंधित परामर्श दिया। वहीं डॉ.रश्मि सिंह ने दंत शिविर में मरीजों के दांतों की जांच की तथा हिलते दांत निकालने की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई। चर्म रोग शिविर में त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे एलर्जी,खुजली,फंगल संक्रमण और अन्य त्वचा रोगों का भी निःशुल्क परामर्श दिया गया। इसके साथ ही डॉ रश्मि सिंह ने शिविर में निःशुल्क बीपी जांच की व्यवस्था भी रखी,जिससे कई मरीजों में उच्च रक्तचाप की समय रहते पहचान हो सकी। इस अवसर पर डॉ.रश्मि सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल शहरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमारा प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्र के हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचें। डॉ.अरुणेन्द्र सिंह ने भी भविष्य में ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### शाहनगर में राज्य कर्मचारी ब्लॉक इकाई ने टी.ई.टी परीक्षा के विरोधस में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** शाहनगर (जिला पन्ना) में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी (ैक्ड) को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (ज्म्ज) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में दिया गया। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि हाल ही में मध्यप्रदेश सरकार ने शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने का नियम लागू किया है, जिसके विरोध में पूरे प्रदेश में शिक्षकों द्वारा प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पन्ना जिले के शाहनगर ब्लॉक में पदस्थ सभी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी मांगें रखीं। शिक्षकों की प्रमुख मांग है कि अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश सरकार भी टीईटी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर करे, ताकि वर्षों से कार्यरत लाखों शिक्षकों के हितों का संरक्षण किया जा सके। शिक्षकों का कहना है कि 25 से 30 वर्षों तक सेवा देने के बाद वर्तमान समय में आयोजित हो रही परीक्षाओं का कठिनाई स्तर पहले की तुलना में अधिक है। साथ ही इन परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में नई विषय-वस्तु भी जोड़ी गई है। ऐसे में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों से इस प्रकार की परीक्षा लेना न्यायोचित नहीं है, चूंकि जिस समय पर इन संवर्गों की भर्तियां की गई थी तब इस तरह की कोई अनिवार्यता नहीं थी इसलिए यह नियम दशकों वर्ष पुराने शिक्षकों पर लागू नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी ब्लाक इकाई शाहनगर के तहसील अध्यक्ष रामलखन पाण्डेय ब्लॉक अध्यक्ष अरुण पाठक ब्लॉक सचिव अखिलेश मिश्रा तहसील सचिव अरुण तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष पुरानी पेंशन बहाली संघ कमलेश चौबे शालिनी जैन नीतू तिवारी रूप नारायण शुक्ला प्रदीप मिश्रा रामप्रताप यादव रवि पाठक रवि राय धीरेन्द्र सिंह समीम खान महेश मिश्र कुलदीप सोनी सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में लागू किया प्रतिबंधात्मक आदेश



**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा धारा 163 पारित करने संबंधी आदेश जारी किया है। न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार से लेकर कलेक्ट्रेट परिसर के चारों तरफ आम जनता द्वारा एकत्रित होकर एवं नारेबाजी कर आवागमन बंद करने एवं शांति भंग करने के मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इससे आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ कार्यालयीन कार्य भी प्रभावित था। साथ ही कलेक्ट्रेट से लगा हुआ व्यवहार न्यायालय संचालित होने के कारण न्यायालयीन कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। लोकहित में जारी उक्तादेश कलेक्ट्रेट परिसर के आस-पास कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी। आदेश लागू होने से अब कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर अथवा बाहर कोई भी व्यक्ति नारेबाजी नहीं करेगा एवं न ही आम शांति भंग करेगा।

### कल मनाया जाएगा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

**पन्ना।** प्रति वर्ष की भांति 15 मार्च को इस वर्ष भी विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर रविवार को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पन्ना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नरेन्द्र धुर्वे ने कार्यक्रम में उपभोक्ता संरक्षण क्षेत्र से जुड़े समस्त उपभोक्ता संगठन के प्रतिनिधियों सहित जनप्रतिनिधिगण, आम उपभोक्ताओं, व्यापारी, अधिकारी-कर्मचारीगण तथा मीडिया प्रतिनिधियों से भी उपस्थित रहने की अपील की है।

अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण हेतु थाना क्षेत्रो में आयोजित किया गये विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

# पन्ना पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च से 12 मार्च तक वृहद स्तर पर चलाया गया "सशक्त नारी" अभियान

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार दिनांक 08.03.2026 से 12.03.2026 तक प्रदेश के समस्त जिलो के नगरीय एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रो में महिला सदस्यों की उपस्थिति में "सशक्त नारी" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना है अभियान के अंतर्गत महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों एवं आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया जा रहा। इसी क्रम में पन्ना पुलिस द्वारा दिनांक 13.03.26 को टाउनहॉल में एक विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।



साथ ही उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा, अपराधों से बचाव, साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा देश एवं समाज के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित महिला संबंधी हेल्पलाइन नंबरों, आपातकालीन सहायता सेवाओं एवं महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण एवं जागरूकता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सायं के समय किशोर जी मंदिर परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या, बाल विवाह, लिंग परीक्षण, महिलाओं पर होने वाले अत्याचार तथा उनसे बचाव के उपायों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। साथ ही महिलाओं को साइबर अपराधों से सतर्क रहने, सामाजिक कुरीतियों का विरोध करने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह, यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना रोहित मिश्रा सहित पुलिस बल एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



### माननीय न्यायालय के आदेश से भेजा गया जेल

**पवई।** थाना पवई क्षेत्र की एक पीड़िता द्वारा दिनांक 09.03.2026 को थाना पवई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि एक व्यक्ति ने स्वयं को अविवाहित बताकर उससे शादी करने का झांसा दिया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पवई में अपराध क्रमांक 76/26 धारा 69 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण महिला संबंधी गंभीर अपराध होने के कारण पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी पवई निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई तथा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर लगातार तलाश एवं दबिश दी गई। काफी प्रयास एवं मशक्कत के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में उप जेल पवई भेज दिया गया है। उल्लेखनीय भूमिका- उक्त संपूर्ण कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विजय गर्ग, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक नीरज रैकवार एवं आरक्षक सुशील कोल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


# प्राचीन भारतीय परिधान से सुसज्जित संस्कृत के विद्वानों ने प्राचीन संस्कृति की पेश की झलक

**पन्ना।** अजयगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री देवी दयाल पाठक जी की नातिन अर्पिता पाठक के शुभ विवाह के पावन अवसर पर आयुष ग्राम चित्रकूट में संचालित संस्कृत विद्यालय की विद्वान छात्रों ने प्राचीन भारतीय परिधान से सुसज्जित होकर के पूरे वैवाहिक कार्यक्रम में अपनी एक अलग झलक प्रस्तुत की अजयगढ़ में पहली बार शादी में प्राचीन धर्म परंपरा संस्कृति का अनूठा उदाहरण देखने को मिला वैसे तो प्रत्येक शादी समारोह में प्राचीन धर्म परंपरा संस्कृति के हिसाब से ही शादी विवाह संपन्न कराई जाती है लेकिन इस बार अजयगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार में संपन्न हुई शादी में खास तौर से आयुष ग्राम चित्रकूट में संचालित संस्कृत विद्वानों को आमंत्रित किया गया था उत्तर प्रदेश के जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सा प्राचीन धर्म परंपरा संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयत्नशील डॉक्टर मदन गोपाल बाजपेई जी द्वारा आयुष ग्राम चित्रकूट में संचालित संस्कृत विद्यालय के छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था उन्होंने कार्यक्रम में गंगा आरती की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति की संस्कृत विद्यालय के छात्र पूरे समय शादी कार्यक्रम में सभी के आकर्षण का केंद्र बने हुए नजर आए उन्होंने संपूर्ण विधि विधान से शादी कार्यक्रम को संपन्न कराया सभी का



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी श्रीराम पाठक जय राम पाठक और श्री कृष्ण कुमार पाठक पूर्व संयुक्त कलेक्टर अभिलाष पाठक जिला आबकारी अधिकारी अनुपम पाठक आलोक पाठक सौरभ पाठक प्रभात पाठक प्रमोद पाठक ने सभी विद्वानों का शाल श्रीफल भेंट करके अभिनंदन किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष एवं अजयगढ़ क्षेत्र विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक ने बताया कि हमारे पिताजी की इच्छा रहती थी की शादी विवाह में आधुनिकता कम से कम नजर आनी चाहिए प्राचीन धर्म परंपरा संस्कृति के हिसाब से ही शादी विवाह संपन्न होना चाहिए शादी विवाह की शुभ अवसर पर अश्लील गाने नहीं होने चाहिए भक्ति में संगीत होना चाहिए उनकी भावना एवं उनके शुभ आशीर्वाद से बुजुर्गों के पूर्वजों के ईश्वर की कृपा से संपन्न हुई की शादी कार्यक्रम में ग्राम चित्रकूट के संस्कृत के विद्वानों ने आकर की भारतीय संस्कृति की शानदार प्रस्तुति की इसके लिए उन्होंने डॉक्टर मदन गोपाल वाजपेई जी का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपने संस्थान से संस्कृत के विद्वान छात्रों को खास तौर से भेज करके अपना महान योगदान दिया।

# नेशनल लोक अदालत आज




**राजीनाम के जरिए होगा लंबित प्रकरणों का निराकरण, 12 खंडपीठ गठित**

**पन्ना।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को जिला न्यायालय पन्ना सहित पवई एवं अजयगढ़ तहसील न्यायालय तथा कुटुम्ब न्यायालय पन्ना में भी लोक अदालत लगेगी। इसमें राजीनामा योग्य विचाराधीन लंबित आपराधिक, चेक अनादरण, मोटर दावा दुर्घटना, दीवानी भू-अर्जन, पारिवारिक विवाद, भरण पोषण, घरेलू हिंसा इत्यादि प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विद्युत विभाग, सभी बैंकों के ऋण वसूली, टेलीफोन विभाग के बिल, जिले के समस्त नगरीय निकाय के जल एवं संपत्ति कर से संबंधित सभी मामलों का भी निराकरण किया जाएगा। इसके लिए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। सूचना पत्र प्राप्त न होने पर भी पक्षकार नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवा सकते हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा सभी पक्षकारों एवं आम जनता से नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरण निराकृत कराने तथा विद्युत विभाग एवं बैंक व नगर पालिका सहित चेक अनादरण एवं दीवानी प्रकरणों में प्राप्त होने वाली छूट और न्याय शुल्क वापसी का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड राजकुमार गौड़ ने जानकारी दी कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय पन्ना में 8, पवई में 3 तथा अजयगढ़ में 1 खंडपीठ का गठन किया गया है। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रूपेश शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 1, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम की खंडपीठ क्रमांक 2, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरविन्द कुमार शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 3, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रितिका पाठक की खंडपीठ क्रमांक 4, जेएमएफसी बिंदु पटेल की खंडपीठ क्रमांक 5, जेएमएफसी इकरा मिन्हाज की खंडपीठ क्रमांक 6, जेएमएफसी भूपेन्द्र सिंह की खंडपीठ क्रमांक 7, जेएमएफसी श्वेता आर्य की खंडपीठ क्रमांक 8, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश पवई सोम पाण्डेय की खंडपीठ क्रमांक 9, जेएमएफसी अमित कुमार शर्मा की खंडपीठ क्रमांक 10, जेएमएफसी हिमांशी ठाकुर भारद्वाज की खंडपीठ क्रमांक 11 तथा जेएमएफसी अजयगढ़ उपमा भार्गव की खंडपीठ क्रमांक 12 गठित की गई है।

कृषि को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में किए जा रहे हैं प्रयास

# तकनीक व नवाचार के जरिए आधुनिक खेती को दें बढ़ावा- पूर्व मंत्री श्री सिंह

### टाउन हॉल में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** वर्तमान परिवेश में पुरानी तकनीक से केवल परंपरागत खेती कर कृषि को लाभकारी बनाना असंभव है। कृषकों को नवीनतम तकनीक व नवाचार के जरिए आधुनिक खेती कर फसल उत्पादन व बेहतर पैदावार के लिए अग्रसर होना चाहिए। केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा भी कृषि को लाभ का धंधा बनाने की दिशा में सतत प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाने को निर्णय लिया गया है। यह बात पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने शुक्रवार को टाउन हॉल पन्ना में आयोजित जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश एवं प्रदेश कृषि प्रधान है। किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। कृषि विज्ञान मेला जैसे कार्यक्रम एवं सेमिनार के माध्यम से किसान जागरूक होंगे और इसके जरिए कृषि कार्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने से इन कार्यक्रमों की सार्थकता भी सिद्ध होगी। कृषि विज्ञान मेला में उपस्थित किसानों को उनके श्रम की सही व उचित कीमत के लिए कृषि में नवाचार अपनाने की सलाह दी गई। साथ ही पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। पन्ना विधायक ने कहा कि समस्त किसान पशुपालन एवं मत्स्यपालन तथा उद्यानिकी विभाग की अलग-अलग योजनाओं के लाभ के लिए आगे आएं। लघु एवं सीमांत कृषक भी छोटे एवं कम रकबे की जमीन पर फसल का बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इस कृषक सेमिनार में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर किसान खेती के अलावा दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन तथा उद्यानिकी



कृषि को भी आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को समय-समय पर नवीन व उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही समसमायिक सलाह भी दी जाती है। आज देश एवं प्रदेश के किसानों द्वारा मोटे अनाज की पैदावार भी की जा रही है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ने से इसकी पैदावार के लिए किसानों को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन से जुड़ी स्वसहायता समूह की महिला किसानों द्वारा भी आधुनिक खेती कर मिसाल कायम की गई है। आज कृषि सहित प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं सक्षम एवं जागरूक हुई हैं। महिलाओं की सक्रिय सहभागिता की बदौलत घर, परिवार एवं समाज का मान सम्मान बढ़ा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं खेल के क्षेत्र में भी पन्ना के युवाओं ने नाम रोशन किया है। उपस्थित कृषकों से अपील की गई कि अपने बच्चों की पढ़ाई एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। स्थानीय विधायक ने कहा कि वर्ष 2022 से संचालित कृषि महाविद्यालय पन्ना के छात्र-छात्राओं का भी उन्नत खेती के बारे में किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का प्रयास सराहनीय है। नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने कहा कि देश के विकास की नींव कृषि पर ही निर्भर है। सभी किसान कृषि विज्ञान मेला में प्राप्त सारगर्भित जानकारियों को व्यवहारिक रूप से अमल में लाएं। विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए कृषि वैज्ञानिकों से सलाह लें। साथ ही कृषि कार्य में उन्नत बीज और आधुनिक कृषि यंत्रों सहित नरवाई प्रबंधन यंत्र का उपयोग भी करें। परियोजना संचालक आत्मा परियोजना ए.पी. सुमन ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा कृषक कल्याण वर्ष में परियोजना अंतर्गत गतिविधियों तथा विभागीय जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में मत्स्य कृषक रामखिलावन रैकवार को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टे का वितरण किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन तथा उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया तथा विभागीय योजनाओं व कृषक हितैषी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। कृषि विज्ञान मेला स्थल पर जैविक हाट बाजार में लगी प्राकृतिक खेती के उत्पादों की अतिथियों द्वारा सराहना भी की गई। इस अवसर पर लोक गायिका शांति पटेल एवं कलाकारों द्वारा स्वागत गीत सहित अन्य प्रस्तुतियां भी दी गईं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं उपाध्यक्ष संतोष यादव सहित कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. एन.के. गुप्ता, कृषि वैज्ञानिक डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी संजीत बागरी, कृषि स्थायी समिति सदस्य मिजाजीलाल पटेल, कमल लालवानी, कैलाश गुप्ता, शिवम चनपुरिया भी उपस्थित रहे।

# देवेंद्रनगर बस्ती में श्रीमद् भागवत कथा का समापन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**पन्ना।** देवेंद्रनगर के बस्ती क्षेत्र में संतोष तिवारी के निज निवास पर आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में श्रीधाम वृंदावन से पधारे भागवत प्रवचनकर्ता पंडित मनीष पांडे जी ने अपने मुखारविंद से भक्तिरस की गंगा बहाई। उनके मधुर एवं प्रेरणादायी प्रवचनों को सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचकर धर्मलाभ लेते रहे। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा एवं बैठकी के साथ हुआ था, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे सप्ताह तक भक्ति और भजन की धारा बहती रही, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। समापन के अवसर पर विधिवत चारों धाम हवन, पूर्णाहुति, गौ पूजन एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# छतरपुर में भी एलपीजी की किल्लत से मचा हाहाकार

## धूप में घंटों कतारों में खड़े उपभोक्ता, राहत के लिए एजेंसियों ने शुरू की रजिस्टर एंट्री



**छतरपुर। पूरे देश की तरह छतरपुर शहर में भी रसोई गैस की किल्लत और वितरण व्यवस्था में आए बदलाव के कारण उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया है। शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। आलम यह है कि घर का चूल्हा जलता रहे, इसके लिए वृद्ध, महिलाएं और स्कूली बच्चे तक अपनी बारी के इंतजार में भीषण गर्मी और तेज धूप में खड़े होने को मजबूर हैं।**

उल्लेखनीय है कि हाल ही में कलेक्टर द्वारा गैस एजेंसी संचालकों को दिए गए सख्त निर्देशों के बाद स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के सिलेंडर का वितरण नहीं किया जाएगा। इस नई व्यवस्था और सर्वर या ओटीपी संबंधी तकनीकी दिक्कतों के कारण कई उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। कई घरों में गैस खत्म होने से चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं, जिससे जनता में आक्रोश पनप रहा है। वहीं दूसरी ओर बढ़ती हुई भीड़ और अफरा-तफरी को देखते हुए गैस एजेंसी संचालकों ने बीच का रास्ता निकाला है। वितरण प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए अब रजिस्टर में ग्राहकों की मैन्युअल एंट्री और हस्ताक्षर कराकर सिलेंडर दिए जा रहे हैं। संचालकों का मानना है कि इस वैकल्पिक व्यवस्था से उन लोगों को राहत मिलेगी जिनके पास तकनीकी कारणों से कोड जनरेट नहीं हो पा रहा है।

**सुविधाओं के अभाव से नाराजगी**

भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच घंटों लाइन में खड़े रहने वाले उपभोक्ताओं ने प्रशासन और एजेंसी संचालकों के प्रति नाराजगी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि कतारों में खड़े ग्राहकों के लिए न तो छाया की व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की। कई बुजुर्गों को प्यास बुझाने के लिए बाहर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि जब तक किल्लत बनी हुई है, तब तक कम से कम मानवीय आधार पर छाया और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं तो उपलब्ध कराई जाएं।

# आधा दर्जन स्कूलों के भवन निर्माण हेतु स्वीकृत हुए 1.59 करोड़



छतरपुर। मध्य प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बिजावर विधानसभा क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी है। क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला की अनुशंसा पर शासन ने क्षेत्र के 6 सरकारी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भवन निर्माण कार्यों के लिए 159.62 लाख रुपये (लगभग 1.60 करोड़) की राशि को मंजूरी प्रदान की है।

मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह राशि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन और मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार स्वीकृत की गई है। शिक्षा मंत्री ने विधायक श्री शुक्ला को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वे स्वयं इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा की समीक्षा करें, ताकि क्षेत्र के बच्चों को जल्द से जल्द बेहतर बुनियादी सुविधाएँ मिल सकें।

### इन स्कूलों का बदलेगा स्वरूप

बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू ने बताया कि प्रशासन द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार, बिजावर क्षेत्र के छह प्रमुख विद्यालयों में निर्माण कार्य कराए जाएंगे। इसमें चपनेर माध्यमिक शाला के लिए सर्वाधिक 51 लाख रुपये और बहादुर जू का पुरवा प्राथमिक शाला के लिए 43.26 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा व्यारदा पुरवा, गणेश गंज और उदयन पुरवा की प्राथमिक शालाओं के लिए 18.25-18.25 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। साथ ही लखनगुवां स्कूल के भवन निर्माण हेतु 10.61 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन सभी कार्यों पर कुल 159.62 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी कलेक्टर ने ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

छतरपुर। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर के पीछे स्थित ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का विधिवत त्रैमासिक निरीक्षण किया। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के पालन में किए गए इस निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और मशीनों के रखरखाव की बारीकी से जांच की गई। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी विनोद श्रीवास्तव सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ई.व्ही.एम. वेयर हाउस के तालों को खुलवाकर भीतर रखी मशीनों की स्थिति देखी। उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा बल और परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को भी चेक किया। श्री अरजरिया ने कैमरों की लगातार हो रही रिकॉर्डिंग का अवलोकन किया और संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद गोदाम को पुनः उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष लॉक कर नियमानुसार सील कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार, ई.व्ही.एम. वेयर हाउस का हर माह बाहरी निरीक्षण और हर तीन माह में गोदाम को खोलकर आंतरिक निरीक्षण करना अनिवार्य होता है। आज किए गए इस त्रैमासिक निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है। निरीक्षण के अंत में संधारित किए जाने वाले आधिकारिक रजिस्टर पर उपस्थित अधिकारियों और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर भी कराए गए।

### वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और अधिकारों के लिए हुआ जागरूकता कार्यक्रम



छतरपुर। नगर पालिका परिषद में सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से शुक्रवार को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें गरिमामय जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और सीएमओ माधुरी शर्मा उपस्थित रहीं। इस दौरान अधिकारियों ने वरिष्ठ जनों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार ने बुजुर्गों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। यदि कोई संतान अपने माता-पिता की अनदेखी करती है या उन्हें प्रताड़ित करती है, तो भरण-पोषण अधिनियम के तहत पीड़ित बुजुर्ग प्रशासन और न्यायालय की मदद ले सकते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और उनकी सेवा करना हमारा परम कर्तव्य है। वहीं, सीएमओ माधुरी शर्मा ने विभाग द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं और पेंशन योजनाओं की जानकारी साझा की।

### टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। शुक्रवार को शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने टीईटी परीक्षा को लेकर जारी आदेश का विरोध करते हुए इसे शीघ्र वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी आदेश में लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य करने की बात कही गई है, जिससे प्रदेश के शिक्षकों में असंतोष और रोष व्याप्त है।

# होली के दौरान घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़

## पीड़ित परिवार ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। होली के पावन त्योहार के दौरान एक दबंग युवक द्वारा शराब के नशे में घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपी के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता ने एसपी को दिए आवेदन में बताया कि 1 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे गांव का मेनू पटेरिया शराब के नशे में उसके घर में जबरन घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर जमीन पर पटक दिया और उसके छोटे बेटे को भी लात मार दी, जिससे बच्चे को गंभीर चोटें आईं। महिला ने आगे बताया कि शोर सुनकर पड़ोस की महिलाएं और परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए सभी को जान से मारने की धमकी दी। उसने परिवार को गांव छोडऩे की चेतावनी दी और खेत में लगी फसल को आग लगाने की बात भी कही।

पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद वह 6 मार्च और 12 मार्च को बड़ामलहरा थाने में शिकायत दर्ज कराने गई थी, लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उल्टे आरोपी के प्रभाव के चलते उसे थाने से भगा दिया गया। पीड़ित महिला ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त करने के बाद मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# हवाई फायर कर हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छतरपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पठापुर रोड पर तीन दिन पूर्व फरियादी एवं उसके परिजनों पर हवाई फायर करने की घटना में थाना कोतवाली पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एवं अपाचे मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर ली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, उक्त घटना में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित अन्य समुचित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश हर संभव स्थान पर की जा रही थी। त्वरित जांच और कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं- हेमंत राजपूत पुत्र रामाधीन राजपूत, निवासी मातगुवां तथा पंकज कुशवाहा पुत्र हरदयाल कुशवाहा, निवासी बालाजीपुरम हनुमान टोरिया के पास, छतरपुर।अभियुक्तों के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया 315 बोर का देशी कट्टा एवं अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।इस सफल कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, उप निरीक्षक वीरेंद्र रैकवार, प्रधान आरक्षक अरविंद शर्मा, आरक्षक अखंड प्रताप सिंह, घनश्याम एवं पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# बड़ामलहरा में गैस सिलेंडरों की भारी वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



बड़ामलहरा। घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में हुई भारी वृद्धि के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ामलहरा ने एक अनोखा और प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बैलगाड़ियों से सामग्री लादकर बस स्टैंड पहुंचकर तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की महंगाई विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा की और तत्काल मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामसिया भारती, रक्षपाल यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह टिंकू, राजा धन प्रसाद असाटी, अशोक शर्मा, रामहेत मिश्रा, अभय जैन, राम अवतार यादव, जीवंधर जैन, गट्टू जैन, शिखर जैन, बाबू लाल जड़ीया, कलन अहिरवार, अरविंदर सिंह चंदेल, अर्जुन सिंह चंदेल, चरण सिंह चंदेल, शालिक राम शर्मा, विनोद शर्मा, सतेंद्र सिंह, वेंकट मास्टर, दीपक दुबे, शिशु पाल अहिरवार, मातादीन अहिरवार, बंटी पाठक, सड़वा अज्जूदी अहिरवार, परसादी अहिरवार, वीरेंद्र पांडे, सुरेश जैन, सूरजपुरा राव साहब, गोलू राजा, सौरव परमार, गजेंद्र सिंह राजा, दिग्विजय सिंह, विजय सिंह बुंदेला, गोपी लोधी, गनुआ अहिरवार, मुकेश अहिरवार, आशाराम प्रजापति, संतोष प्रजापति, सनी राजा, पुष्पेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम राजपूत, शिवम सेन सहित सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह प्रदर्शन आम जनता विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ के खिलाफ कांग्रेस की ओर से एकजुट विरोध का प्रतीक था। कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि गैस सिलेंडरों की बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस ली जाएं और महंगाई पर अंकुश लगाया जाए।

# बागेश्वर धाम में हुआ दो आध्यात्मिक संतों का मिलन

**दक्षिण भारत के प्रख्यात संत सद्गुरु जग्गी वासुदेव का बागेश्वर महाराज ने किया आत्मिक अभिनंदन**

**कलश लेकर वासुदेव जी का महिलाओं ने किया स्वागत, सद्गुरु ने कहा अत्यंत पावन पुनीत है यह क्षेत्र**



छतरपुर। दुनिया भर में सनातन और आध्यात्मिक एकता का केंद्र बने बागेश्वर धाम में उस समय लोगों का आनंद दोगुना हो गया जब उन्होंने बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ दक्षिण भारत के विख्यात आध्यात्मिक संत पद्म विभूषण से सम्मानित सद्गुरु जग्गी वासुदेव के दर्शन हुए। इस दौरान धाम के पीठाधीश्वर ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। बागेश्वर महाराज की माता जी ने भी सद्गुरु जी का आत्मीय स्वागत किया। दोनों आध्यात्मिक गुरुओं के बीच धर्म, आस्था, योग, ध्यान और जीवन दर्शन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बागेश्वर महाराज ने आध्यात्मिक गुरु वासुदेव जी को बालाजी के दर्शन कराए वहीं बागेश्वर महादेव भगवान और सन्यासी बाबा के भी दर्शन कराते हुए महाराज श्री ने यहां की महिमा और यहां सन्यासी बाबा द्वारा साढे 300 वर्ष पूर्व की गई साधना के बारे में अवगत कराया।

बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्य ऋषि शुक्ला ने बताया कि ईशा फाउंडेशन कोयंबटूर के संस्थापक सद्गुरु जी ने बागेश्वर महाराज को आदि योगी की प्रतिमा भेंट की तो वहीं बागेश्वर महाराज ने अपनी माता जी की उपस्थिति में श्री राम दरबार की प्रतिमा भेंट की। इस मुलाकात को सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक संवाद की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सद्गुरु और बागेश्वर महाराज ने इस अवसर पर लोगों को आध्यात्मिकता, आत्म-चिंतन और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। सद्गुरु के साथ उनके साधक परिवारों के प्रतिनिधि भी पहुंचे, जिनमें लगभग 40 देशों से जुड़े अनुयायी शामिल थे। इन साधकों ने भी बागेश्वर धाम में पहुंचकर श्रद्धा के साथ अर्जी लगाई और पूजा-अर्चना की। साधकों को एक थाली भेट की गई जिसमें हनुमान चालीसा, श्रीमद् भागवत गीता, लॉकेट सहित रुद्राक्ष माला, बालाजी का विग्रह और अंग्रेजी में लिखी साधु जी सीताराम पुस्तक के साथ ही महा प्रसाद रखा गया।

### धाम के श्रद्धालुओं के लिए रहा अद्भुत क्षण

धाम में मौजूद श्रद्धालुओं के लिए यह क्षण विशेष रहा, क्योंकि दो प्रमुख आध्यात्मिक परंपराओं के मार्गदर्शक एक मंच पर दिखाई दिए। इस अवसर पर सनातन धर्म की वैश्विक पहचान, योग और ध्यान के माध्यम से मानव जीवन में संतुलन और शांति स्थापित करने के विषय पर भी विचार साझा किए गए। बागेश्वर धाम में आयोजित इस आध्यात्मिक मिलन को भक्तों ने सनातन संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक बताया।



# जवाहर मार्ग का होगा कायाकल्प, गड्ढों से मिलेगी मुक्ति

## 6 करोड़ की लागत से 5 किलोमीटर सड़क का होगा डामरीकरण

छतरपुर। शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले और लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रहे जवाहर मार्ग के दिन अब फिरने वाले हैं। लोक निर्माण विभाग ने छतरपुर-कानपुर नेशनल हाईवे के इस जर्जर हिस्से को सुधारने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। विभाग ने 6 करोड़ रुपये की लागत से लगभग 5 किलोमीटर लंबे मार्ग के डामरीकरण का टेंडर जारी कर दिया है।

पीवीडब्ल्यूडी के ईई आशीष भारती ने बताया कि यह डामरीकरण कार्य चौबे तिराहे से शुरू होकर बस स्टैंड होते हुए नौगांव रोड तक किया जाएगा। वर्तमान में इस मार्ग पर बेतहाशा गड्ढे होने के कारण राहगीर आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे थे। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से इस सड़क को नए सिरे से बनाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। सड़क लंबे समय तक चले और पानी भराव के कारण डामर खराब न हो, इसके लिए विभाग विशेष सतर्कता बरत रहा है। ईई आशीष भारती के अनुसार, डामरीकरण शुरू करने से पहले नगरपालिका प्रशासन से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। प्राथमिकता यह है कि सड़क के किनारे जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नालियों और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि निर्माण के बाद रोड डैमेज न हो। गौरतलब है कि जवाहर मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। बस स्टैंड होने के कारण यहां से भारी वाहनों और सैकड़ों यात्रियों का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में विभाग का दावा है कि कार्य उच्च गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा।

# एनटीपीसी सोलर प्लांट पर किसानों का उग्र विरोध, काम ठप



छतरपुर जिले के बरेठी स्थित एनटीपीसी सोलर प्लांट पर आज सैकड़ों ग्रामीणों और किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित किसानों ने प्लांट परिसर पहुंचकर निर्माण कार्य पूरी तरह बंद करा दिया और प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों का मुख्य आरोप है कि एनटीपीसी अधिकारियों ने उनके प्राचीन मंदिरों को तोड़ दिया है तथा गांवों की आवाजाही के पुराने रास्तों को भी बंद कर दिया गया है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

किसानों ने बताया कि करीब 12 साल पहले जब भूमि अधिग्रहण किया गया था, तब एनटीपीसी अधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, अच्छी सड़कों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित कई विकास कार्यों के वादे किए थे। लेकिन आज तक इनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुआवजे की राशि में भी गड़बड़ी की जा रही है और विरोध करने पर पुलिस का डर दिखाया जा रहा है।

किसानों ने अपनी 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं और हक नहीं मिल जाता, तब तक प्लांट में कोई काम शुरू नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने किसानों को शांत कराने की कोशिश की और समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिनों के अंदर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



**जिला प्रशासन की अवैध गैस सिलेंडर के विरुद्ध कार्यवाही**

# गैस एजेंसी से 97, राजेंद्र गुप्ता के मकान से छोटे 10 सिलेंडर और अदिति स्वीट्स से 5, बमीठा से 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

छतरपुर। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा रसोई गैस सिलेंडर के अवैध रूप से भंडारण एवं कालाबाजारी के संबंध में जांच दल गठित किया गया है। जांच दल द्वारा शुक्रवार को सूचना के आधार पर चंद्रनगर में तीन स्थानों में छापेमार कार्यवाही करते हुई जांच की गई। जांच के दौरान चंद्रनगर इण्डेन गैस एजेंसी के गोदाम में 14 केजी के 71 सिलेंडर ज्यादा खाली, 19 केजी के 2 सिलेंडर ज्यादा खाली, 5 केजी के 11 सिलेंडर ज्यादा खाली और 10 केजी के 13 सिलेंडर ज्यादा खाली गैस सिलेंडर अधिक पाए जाने पर 97 गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा राजेंद्र गुप्ता निवासी चंद्रनगर के मकान में जांच करने पर 5 केजी के 10 गैस सिलेंडर अवैध रूप से भण्डारित पाए जाने पर उक्त अनुसार कुल 10 गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्यवाही की गई और व्यवसायिक प्रतिष्ठान अदिति स्वीट्स चंद्रनगर द्वारा 5 घरेलु सिलेंडर के व्यवसायिक दुरूपयोग पाया गया। उक्त गैस सिलेन्डर जब्त करने की कार्यवाही की गई। बमीठा में अनिल गुप्ता (रवि गुप्ता) के व्यवसायिक प्रतिष्ठान की जांच करने पर पृथक श्रेणी के 10 गैस सिलेंडर रिफिलर उपकरण अवैध रूप से भंडारित पाए जाने पर सभी गैस सिलेंडर को जब्त किया गया है। जांच दल में कार्यवाही के दौरान नायब तहसीलदार सुप्रिया बागरी, सहायक आपूर्ति अधिकारी जितेंद्र बर्मन एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ऋषि शर्मा उपस्थित रहे।

# खेत में काम करते समय महिला को सांप ने काटा, जिला अस्पताल में इलाज जारी



छतरपुर। जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम दलोन निवासी नीतू रजक को शुक्रवार को खेत में काम करते समय सांप ने डस लिया। महिला पाइपलाइन रखने का काम कर रही थीं, तभी अचानक उनके पैर में सांप ने काट लिया। दर्द और घबराहट होने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत नीतू को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों का कहना है कि समय पर अस्पताल पहुंचने से स्थिति नियंत्रण में है और महिला की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। सांप के विषैले होने या न होने की पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन प्रारंभिक उपचार के साथ महिला को आवश्यक दवाएं दी जा रही हैं। परिजन उनकी जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शहर में दिख रहा एलपीजी के संकट का असर



रीवा। एलपीजी की आपूर्ति में कमी के चलते जिले में एलदपीजी गैस का संकट साफ तौर दिखने लगा। शुक्रवार को गैस सिलेंडर पाने के लिए एजेंसियों के गोदामों और आफिसों पर उपभोक्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों की लंबी कतारें दोपहर बाद तक देखी गई हैं। एलपीजी के अलावा कामर्शियल गैस के अभाव में शहर के होटलों और रेटोरेंट का संचालन बंद होने लगा है। आलम यह है कि फोरलेन और हाइवे के किनारे के कई ढावों को इंधन के अभाव के चलते बंद कर देना पड़ा और वहां सन्नाटा पसर गया है। वहीं सभी सरकारी दावों की पोल खुल रही है। डिलेवरी व्याय 1300 से 15 सौ रूपए में गैस बेच रहे है और यह कह रहे है कि गैस की कोई कमी नही है। शहर से गांव तक एलपीजी को लेकर मचे घमासान के बीच अभी जिले में घरेलू गैस की मांग और आपूर्ति में कोई अंतर नहीं है। बताया गया है कि रसोई गैस की उपलब्धता होने के बाद भी एजेंसियों की वितरण व्यवस्था परेशानी का सबब बन गई है। एजेंसी संचालक के पास ऐसे हालात को संभालने का सिस्टम नहीं है। वे उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत पर सिलेंडर मुहैया कराने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। वितरण स्थलों और होम डिलेवरी पर कम मैनपॉवर रखने के कारण सिलेंडर को लेकर मारामारी हो रही है। शहर और अंचल में आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल के गोदामों की सुरक्षा एहतियातन बढ़ा दी गई है। बताया गया है कि एजेंसी संचालक के अलावा कोटवार और नगर सैनिको की तैनाती की गई है ताकि वहां पर किसी प्रकार की अप्रिय हालात न बनें। साथ ही फूड विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों के हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस की उपलब्धता है और एलपीजी का शाटेंज नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली डिलिवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है। कंजप्शन के कारण सर्वर काम नहीं कर रहा है। रसोई गैस के कारोबार से जुड़े लोगों और उपभोक्ताओं की माने तो सर्वर बुकिंग और रिफिल डिलेवरी के मैसेज नहीं आ जा रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं का सब जबाव देने लगा है। यही वजह है कि शुक्रवार को सुबह से ही उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर लाइन लग गए। गोदामों के सामने लंबी लाइन लगने से पूरा दिन वितरण व्यवस्था सीमित रह गई। वितरण में सबसे बड़ी बाधा कंपनी के सर्वर भी बने हैं।

### अटल पंचायत एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य की हुई समीक्षा

रीवा । जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में अटल पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन निर्माण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अटल पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन की जनपद पंचायतवार संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/सचिव से कार्यवार समीक्षा के दौरान सख्त निर्देश दिए गए है कि जिन भवनों के निर्माण कार्य प्रगतिरत है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर 31 मार्च तक पूर्ण कराए तथा जो भवन भूमि विवाद या भूमि उपलब्ध न होने के कारण अभी तक प्रारम्भ नही हो पाए है उनमें यदि भूमि उपलब्ध हो गई हो तो तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाकर 15 अप्रैल तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में अभी भी भूमि उपलब्ध नही हो पाई है ऐसे भवन की राशि एक सप्ताह में जिला पंचायत को वापस किए जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में संबंधित अधिकारी व सरपंच, सचिव उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने घरेलू गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा की

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को की गयी गैस वितरण की जानकारी प्राप्त करते हुए राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों से वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पोर्टल के माध्यम से बुक की जा रही गैस प्राप्त करने वालों की अलग लाइन लगायें तथा भीड़ वाले एजेंसी/गोदाम/वितरण स्थल में राजस्व अधिकारी अतिरिक्त टीम लगाकर व्यवस्था बनवायें। उन्होंने वितरण स्थल में लाउडस्पीकर की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए पीने के पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। बैठक में बताया गया कि विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा सुगमता से गैस का वितरण किया गया।

## दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर, दोपहर में तेज धूप से लोग परेशान

# जिले में बढ़ने लगी गर्मी की तपिश, पारा 37 डिग्री पहुंचा



**रीवा। मार्च महीने की शुरुआत के साथ ही जिले में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। होली के बाद मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है और दिन के समय तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दोपहर के समय तेज धूप और बढ़ती गर्मी का असर अब लोगों की दिनचर्या पर भी साफ दिखाई देने लगा है। गुरुवार को रीवा में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। वही शुक्रवार को भी यही देखने को मिला।**

दिन और रात के तापमान के बीच लगभग 15 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया गया, जिससे सुबह और देर रात के समय हल्की ठंडक बनी रहती है, लेकिन दोपहर में गर्मी काफी बढ़ जाती है। सुबह करीब 11 बजे के बाद धूप तेज होने लगती है और दोपहर तक इसका असर और बढ़ जाता है। तेज धूप के कारण बाजारों और सड़कों पर लोगों की आवाजाही दोपहर के समय कुछ कम देखी जा रही है। वहीं कई घरों में अब पंखे चलने लगे हैं और लोग गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को उत्तर-पश्चिम दिशा से लगभग 7 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से हवाएं चलीं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल मौसम शुष्क बना रहेगा और किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है।

विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। हालांकि तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बावजूद दोपहर के समय तेज धूप और बढ़ती गर्मी से लोगों को फिलहाल राहत मिलने के आसार कम हैं। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के कारण स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। विशेषकर दोपहर के समय तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी जा रही है, ताकि गर्मी के असर से बचा जा सके। जिले में मार्च के शुरुआती दिनों में ही बढ़ती गर्मी ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को गर्मी से बचाव के लिए अभी से सतर्क रहने की जरूरत है।

### इन बीमारियों का ज्यादा रहता खतरा, बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के कारण

वायरल, खांसी, जुकाम, छाती में इंफेक्शन, अस्थमा, स्वाइन फ्लू, डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां हो सकती है इसके लिए इन बातों ध्यान रखना चाहिए फ्रीज से निकालकर तुरंत खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल न करें। ठंडा पानी, आइसक्रीम व कोल्ड ड्रिंक का कम प्रयोग करें। रात के समय एसी व कूलर का प्रयोग न करें। जल्द सुबह गुनगुने पानी से नहाएं। बुजुर्गों व बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें।

आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील

मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सकों ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। दिन में तेज गर्मी और रात में ठंडक रहने से शरीर जल्दी संक्रमण की चपेट में आ सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि थोड़ी सी लापरवाही भी स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है, इसलिए बदलते मौसम में सावधानी रखना बेहद जरूरी है। विशेषज्ञों के अनुसार लोगों को सुबह और शाम के समय हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए, ताकि तापमान के अंतर से बचाव हो सके।



### ठंडे पेय पदार्थ और खुले खाद्य पदार्थों से करे परहेज

अधिक ठंडे पेय पदार्थ, आइसक्रीम और खुले में मिलने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी गई है। साफ-सुथरा व ताजा भोजन लेने और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रहती है। चिकित्सकों ने खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा है, क्योंकि वे मौसम के बदलाव से जल्दी प्रभावित होते हैं।

### मार्च में संक्रमण काल

मौसम विभाग के अनुसार मार्च सर्दी और गर्मी के बीच का संक्रमण काल होता है। साफ आसमान और तेज धूप से दिन का तापमान तेजी से बढ़ता है, जबकि रात में जमीन से निकलने वाली ठंडी हवा तापमान को कम बनाए रखती है। रीवा में मार्च का औसत अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम करीब 22 डिग्री रहता है। इन दिनों दिन और रात के तापमान में करीब 15 डिग्री का अंतर दर्ज हो रहा है। यानी शहर में गर्मी की दस्तक हो चुकी है।

# तिब्बती नेता दलाई लामा के सम्मान समारोह में शामिल हो लिया आशीर्वाद

### तिब्बत की आजादी और भारत की सुरक्षा के संकल्प के साथ दो दिवसीय तिब्बत समर्थन समूह सम्मेलन सम्पन्न

**रीवा** । हिमाचल प्रदेश के तिब्बती निर्वासित सरकार के मुख्य केंद्र धर्मशाला में बुधवार 11 मार्च को तिब्बत के सर्वोच्च नेता 14 वें दलाई लामा के 90 वें वर्ष प्रवेश के उपलक्ष्य में उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए तिब्बती मठ में हुईं प्रार्थना सभा में रीवा से भारत तिब्बत मैत्री संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी अजय खरे एवं उनकी धर्मपत्नी प्रो. डॉ गायत्री खरे ने प्रतिनिधि भागीदारी निभाते हुए उनसे रूबरू हो आशीर्वाद लिया। 12 एवं 13 मार्च को अखिल भारतीय तिब्बत समर्थक समूह सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। सम्मेंमेलन को प्रमुख रूप से भारत तिब्बत मैत्री संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार के अलावा निर्वासित तिब्बती सरकार के प्रधानमंत्री पेन्पा तेसे रिंग, रक्षा मंत्री डोल्मा ग्यारी, विदेश मंत्री नोरजिन डोल्बमा, तिब्बती संसद के अध्यक्ष खेनपो सोनम तेनफेल , तिब्बत समर्थन समूह के राष्ट्रीय संयोजक आर के खिरमे आदि ने सम्बोधित करते हुए तिब्बत प्रश्न पाल गहन चिंतन मनन के साथ विचार रखे। एक प्रेस विज्ञप्ति में भारत तिब्बत मैत्री संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकतंत्र सनानी अजय खरे ने कहा कि तिब्बत की आजादी का सवाल दुनिया के स्वतंत्रता पक्षधरों के लिए बड़ी चुनौती है। 20 वीं शताब्दी के मध्य में जब दुनिया के अधिकांश देश आजाद हो रहे थे तब साम्राज्यवादी चीन ने षड़यंत्र करके तिब्बत को गुलाम बना तिब्बतियों के जीवन के साथ लम्बे समय से क्रूर खिलवाड़ किया जा रहा है। निर्वासित जीवन में तिब्बतियों की कई पीढ़ियां खप गई हैं। तिब्बतियों को लम्बे समय से अपने देश को आजादी की सख्त जरूरत है। तिब्बत दिवस पर तिब्बतियों की यह पीड़ा पर पूरी दुनिया की नजर है। श्री खरे ने कहा कि दुनिया में तिब्बत की आजादी और अस्मिता की रक्षा के लिए विश्व जनमत को संगठित करने की ऐतिहासिक जरुरत है। तिब्बत का सवाल भारतीय संदर्भ में सबसे अहमियत रखता है। तिब्बत की आजादी और भारत की सुरक्षा का सवाल परस्पर पूरक है। दुनिया के हर देश में तिब्बत प्रश्न पर आवाज मुखर करने की जरूरत है। श्री खरे ने सम्मेलन में चीन के अनाधिकृत कब्जे वाले तिब्बत से लगे भारतीय सीमावर्ती राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। 14 नवंबर 1962 के संसदीय संकल्प को प्रभावी बनाने की मांग की। इसके साथ ही हिमाचल बचाओ आंदोलन के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की बिना शर्त रिहाई की मांग भी उठाई है।

# धरने मे बैठे किसानों ने किया बाणसागर अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त

### तीन दिन के भीतर नहर में पहुंचेगा पानी

**रीवा।** बाणसागर परियोजना अंतर्गत बहुती कैनाल की विभिन्न समस्याओं को लेकर आज जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 का. लालमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने मुख्य कार्यपालन यंत्री, बाणसागर परियोजना रीवा के कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। यह आंदोलन पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार किया गया, जिसमें किसानों ने नहरों में पानी न छोड़े जाने तथा अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान बाणसागर परियोजना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि तीन दिवस के भीतर वितरक नहर में पानी छोड़ने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के के प्रतिनिधि तहसीलदार हुजूर, जिला रीवा यतीश शुक्ला को सौंपा गया, इस दौरान बाणसागर परियोजना (नहर) के एस.डी.ओ. राजेन्द्र सिंह, एवं सुनील शर्मा भी मौके पर उपस्थित रहें।

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य का. लालमणि त्रिपाठी ने कहा कि बाणसागर योजना अंतर्गत बहुती कैनाल से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनका सीधा असर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुरवा से रतहरा तक बनने वाली वितरक नहर परियोजना का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है, जबकि इस योजना का निर्माण कार्य कई वर्ष पहले प्रारंभ हुआ था। वर्तमान में पुरवा से हटवा तक नहर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और बीते वर्षों में इस हिस्से में नियमित रूप से पानी छोड़ा जाता रहा है, जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई होती थी तथा आसपास के जलस्रोतों में भी पानी का स्तर बना रहता था। उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन में इस नहर में एक बूंद भी पानी नहीं छोड़ा गया है, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और जलस्तर में भी गिरावट आने लगी है। यदि शीघ्र ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है तथा आने वाले समय में पेयजल संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। श्री त्रिपाठी ने ज्ञापन के माध्यम से यह भी मांग की कि पुरवा से रतहरा तक वितरक नहर के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए। साथ ही पुरवा से हटवा तक बनी नहर में तत्काल पानी छोड़ा जाए, ताकि नहर से जुड़े तालाब, पोखर और नदियां भर सकें और क्षेत्र में जल स्तर संतुलित बना रहे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत दुआरी, जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान सहित अन्य क्षेत्रों में नहर और माइनर नहरों की सफाई का कार्य भी लंबे समय से नहीं हुआ है, जिसके कारण पानी का बहाव बाधित हो रहा है। अतः संबंधित माइनर नहरों की तत्काल सफाई कराई जाए ताकि सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने मांग की कि धर्मशाला महावां से दक्षिण दिशा की ओर अधूरी पड़ी नहर का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा रतहरा से सोनौरी तक पूर्व में संचालित रही नहर को पुनः चालू किया जाए, जिससे किसानों को सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मिल सके। इसी प्रकार ग्राम सुरसाकला, सुरसा खुर्द और जोगिनिहाई आदि क्षेत्रों में अधूरी खुदाई वाली नहरों का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ कराया जाना आवश्यक है। धरना स्थल पर श्री त्रिपाठी के अतिरिक्त जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 16 मृत्युंजय मिश्रा, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद मिश्र, किसान संघर्ष समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह शंखू, अनिल मिश्र, पूर्व सरपंच हरिशचन्द्र पाण्डेय, सुरेन्द्र द्विवेदी, पवन द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र सिंह, अरुण कुमार पाण्डेय, सत्यनारायण शुक्ला, भैयालाल कोल, प्रदीप रावत, यज्ञनारायण साकेत, राजेश्वर तिवारी, बैजनाथ मिश्रा, बाबूलाल शुक्ला, बैजनाथ केवट, सबनीस द्विवेदी सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

# जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी: उप मुख्यमंत्री

### उप मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुक्रम में स्टाइपेंड वृद्धि आदेश जारी एक अप्रैल 2025 से होंगे प्रभावशील

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देशों के अनुपालन में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जूनियर डॉक्टर पूर्ण समर्पण से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुदृढ़ करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभायेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जूनियर डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों में वे न केवल अपने चिकित्सा प्रशिक्षण को पूर्ण करते हैं। मरीजों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में भी जूनियर डॉक्टर अग्रणी भूमिका निभाते हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जूनियर डॉक्टर के हित को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक समाधान के निर्देश दिए थे। उसके अनुक्रम में विभाग द्वारा स्टाइपेंड वृद्धि का आदेश जारी किया गया है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2.94 के आधार पर वृद्धि करते हुए एक अप्रैल 2025 से संशोधित स्टाइपेंड लागू किया गया है। इसके तहत पीजी प्रथम वर्ष का स्टाइपेंड 75,444 रुपये से बढ़ाकर 77,662 रुपये, द्वितीय वर्ष का 77,764 रुपये से बढ़ाकर 80,050 रुपये तथा तृतीय वर्ष का 80,086 रुपये से बढ़ाकर 82,441 रुपये किया गया है। इसी प्रकार इंटर्न का स्टाइपेंड 13,928 रुपये से बढ़ाकर 14,337 रुपये किया गया है। सुपर स्पेशिलिटी पाठ्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के स्टाइपेंड को भी बढ़ाकर 82,441 रुपये निर्धारित किया गया है। सीनियर रेजिडेंट का स्टाइपेंड 88,210 रुपये से बढ़ाकर 90,803 रुपये तथा जूनियर रेजिडेंट का स्टाइपेंड 63,324 रुपये निर्धारित किया गया है। इस निर्णय से प्रदेश के सभी शासकीय मेडिकल कॉलेजों में अध्ययनरत एवं सेवाएं दे रहे जूनियर डॉक्टरों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

रीवा । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 47 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मनगवां, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय रीवा में खण्डपीठ क्रमांक एक में न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड़, खण्डपीठ क्रमांक दो में न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक तीन में न्यायाधीश मोहित कुमार, खण्डपीठ क्रमांक चार में न्यायाधीश आशीष कुमार शुक्ला, खण्डपीठ क्रमांक पांच में न्यायाधीश शरद कुमार गुप्ता तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में न्यायाधीश अनुज त्यागी को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक सात में न्यायाधीश सुधीर सिंह ठाकुर, खण्डपीठ क्रमांक आठ में न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक नौ में न्यायाधीश आशीर्वाद भिलाला, खण्डपीठ क्रमांक 10 में न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 11 में न्यायाधीश यशपाल सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 12 में न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में न्यायाधीश श्रीमती अनु सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 14 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 15 में न्यायाधीश वरूण शर्मा प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। इसी प्रकार खण्डपीठ 16 में न्यायाधीश पन्ना नागेश, खण्डपीठ क्रमांक 17 में न्यायाधीश दयाल सिंह सूर्यवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 18 में न्यायाधीश शैलेन्द्र रैकवार, खण्डपीठ क्रमांक 19 में न्यायाधीश श्रीमती आरती सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 20 में न्यायाधीश मुकेश कुमार कोरी, खण्डपीठ क्रमांक 21 में दिलीप माहौर, खण्डपीठ क्रमांक 22 में न्यायाधीश श्रीमती सृष्टि चौरसिया, खण्डपीठ क्रमांक 23 में न्यायाधीश सुश्री कंचन सैनिक, खण्डपीठ क्रमांक 24 में श्रीमती रश्मि बागरी, खण्डपीठ क्रमांक 25 में रंजीत भदकरिया, खण्डपीठ क्रमांक 26 कुटुम्ब न्यायालय रीवा में न्यायाधीशअविनाश चंद्र तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 27 जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम में अध्यक्ष सुदीप कुमार श्रीवास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 28 औद्योगिक न्यायालय रीवा में न्यायाधीश केके मिश्रा तथा खण्डपीठ क्रमांक 29 श्रम न्यायालय रीवा में न्यायाधीश अमित नगायच प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

# रसोई गैस न होने की दहशत और भ्रामक सूचना न फैलाएं - कलेक्टर

**मऊगंज।** जिले में रसोई गैस और पेट्रोलियम पदार्थों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एजेंसियों से लोग अपनी जरूरत के हिसाब से रसोई गैस प्राप्त करें। ऑनलाइन बुकिंग करने पर एजेंसियों द्वारा आसानी से रसोई गैस उपलब्ध कराई जा रही है। यह बातें कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गैस एजेंसियों के निरीक्षण के दौरान वहाँ मौजूद गैस उपभोक्ताओं से कही। कलेक्टर ने कहा कि देखने में आ रहा है कि लोग रसोई गैस न होने की दहशत और भ्रामक सूचनाओं में पड़कर अधिक से अधिक रसोई गैस के सिलेण्डर प्राप्त करना चाह रहे हैं। गैस प्राप्त करने में लोगों को कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन लगातार मानीटरिंग कर रहा है। गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण और निगरानी की जा रही है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को गैस वितरण की व्यवस्था




सुगम बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। सूचना तंत्र को पुख्ता किया जा रहा है जिससे गैस की जमाखोरी को बढ़ावा न मिले। गैस एजेंसियों के प्रतिदिन के स्टॉक रजिस्टर और भौतिक उपलब्धता का मिलान अनिवार्य रूप से किया जा रहा है। कालाबाजारी की सूचना मिलने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित तेल कंपनियों से समन्वय कर सर्वर क्षमता में वृद्धि करवाएं। जिससे ₹रिफिल बुकिंग, ओटीपी जनरेशन और वितरण की प्रक्रिया में उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए वर्तमान में जिले में रसोई गैस की दो बुकिंग के मध्य 25 दिवस का अंतराल निर्धारित किया गया है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी भी उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल में छात्राओं को लगा एचपीवी टीका

**मऊगंज।** जिले के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया गया इस दौरान सीएम राइज विद्यालय देवतालाब की छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यवस्थित तरीके से छात्राओं का टीकाकरण किया गया।

इस अवसर पर सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. प्रदुमन शुक्ला की उपस्थिति में टीकाकरण अभियान संचालित किया गया। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से मऊगंज के बीईओ भी मौजूद रहे और छात्राओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।टीकाकरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने छात्राओं को बताया कि एचपीवी टीका बालिकाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए लगाया जाता है। यह टीका विशेष रूप से 14 वर्ष तक की छात्राओं और बालिकाओं के लिए लगाया जा रहा है ताकि भविष्य में होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से उन्हें सुरक्षा मिल सके।जब इस संबंध में मऊगंज बीईओ से चर्चा की गई तो



उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की है कि 14 वर्ष तक की सभी छात्राओं और बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यह टीका जिला अस्पताल में उपलब्ध है। इसके अलावा जहां-जहां एएनएम द्वारा नियमित टीकाकरण किया जाता है, वहां भी यह टीका लगाया जा रहा है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या टीकाकरण स्थल पर ले जाकर टीका लगवाएं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक करना और उन्हें समय रहते स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण करवाने की अपील की है ताकि समाज की बेटियां स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।